Decision left with the Centre to fix procurement targets of Wheat

6589. SHRI MOHINDER SINGH GILL: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether neither the Agricultural Prices Commission nor the Chief Ministers' conference set any procurement targets for wheat and it is left to the Centre only to fix the targets for various States on the basis of overall distribution policy; and

(b) if so, whether a final decision has since been taken in this matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ANNASAHEB P. SHINDE): (a) Neither the Agricultural Prices Commission nor the Chief Ministers' Conference made any recommendation regarding the procurement target.

(b) No, Sir.

केन्द्रीय कृषि यांत्रिक संस्थान की स्थापना

6590. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार के विचाराधीन एक केन्द्रीय कृषि यांत्रिक संस्थान स्थापित किये जाने की कोई योजना है ; और

(ख) क्या सरकार मध्य प्रदेश के किसी ऐसे जिले में उक्त संस्थान की स्थापना किये जाने पर विचार करेगी जो औद्योगिक और कृषि के क्षेत्रों में बहुत पिछड़ा हुआ हो ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णा साहिब पी० शिंदे) : (क) पांचवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि यांत्रिक राष्ट्रीय संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के अधीन विचाराधीन है।

(ख) इस संस्थान की स्थापना के लिये उपयुक्त जगह का चयन करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विशेषज्ञों की एक समिति नियुक्त की गयी है। इस समय समिति मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा संस्थान के लिये दी गयी जगहों का निरीक्षण कर रही है। विशेषज्ञ समिति की सिफारिश को ध्यान में रखकर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा संस्थान की जगह के बारे में अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

देश में पशुवधशालाएं

6591. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में सरकारी जानकारी के आधार पर कितनी पशुवधशालाएं हैं; और

(ख) इन पशुवध शालाओं में अनुमानतः प्रति माह कितने अलाभप्रद पशुओं का वध होता है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य) : (क) 1972-73 के दौरान एकत्रित की गई जानकारी के आधार पर पशुवध शालाओं की संख्या 2870 है ?

(ख) वर्ष 1972-73 में एकत्रित की गई जानकारी के अनुसार प्रतिमाह औसतन 99.273 अनुत्पादक बड़े पशुओं का वध होता है।

उत्तर प्रदेश द्वारा मांगा गया तथा उसे सप्लाई किया गया गेहूं और मोटा अनाज

6592. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच महीनों में उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार से कितने गेहूं और मोट अनाज की मांग की थी ;